प्राथमिक वर्ष कार्यक्रम - कक्षा १
मौखिक भाषाई कार्यक्रम 'विज्ञापन - कल और आज'

विज्ञापन का है दौर ,करता है वो शोर।
जो बना दे साधारण को विशेष और बना दे ज़ीरो को हीरो ।

प्रतियोगिता की कड़ी में एक और कड़ी जोड़ते हुए, विद्यालय के वार्षिक विषय 'फ़ीनिक्स ' को ध्यान में रखते हुए कक्षा- १ में मौखिक भाषाई (Verbal Linguistic Event) कार्यक्रम का आयोजन किया गया | इस प्रतियोगिता का विषय था –' **विज्ञापन - कल और आज'** ।

अंतर - कक्षा प्रतियोगिता (Intra class) का आयोजन गुरुवार, १ अगस्त को किया गया। किया | प्रत्येक कक्षा से चयनित प्रथम व द्वितीय प्रतिभागियों के मध्य **अंतर- विभागीय** प्रतियोगिता(Inter class) का आयोजन गुरुवार, ८ अगस्त को किया गया।

प्रतियोगिता के मुख्य बिंदु

इसमें प्रतिभागी किसी उपभोक्ता उत्पाद के रूप में बन कर आए। उस रूप में उन्होंने यह बताया कि किस प्रकार वह उत्पाद प्रतियोगिता बाज़ार में ज़ीरो से हीरो के रूप में उभरकर सामने आया और उपभोक्ताओं के बीच सितारे की तरह चमका।

प्रतियोगिता में कुछ बिंदुओं का विशेष ध्यान रखा गया : -

- छात्रों द्वारा कविता या गीत के माध्यम से प्रस्तुतीकरण
- व्यंग्यात्मक दृष्टिकोण
- सहायक सामग्री का उचित प्रयोग ।
- रचनात्मकता ।

सभी प्रतिभागियों का प्रदर्शन सराहनीय था। **अंतर- विभागीय** प्रतियोगिता (Inter class) से दो प्रतिभागियों का चयन किया गया जो आगामी **'MI-me' Inter-School event** ,**अंतर - विद्यालयी स्तर प्रतियोगिता** में भाग लेंगे । यह प्रतियोगिता **शुक्रवार , सितंबर २७ सितंबर**_ को आयोजित की जाएगी।